गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

पंजीकृत कार्यालय:
गेल भवन
16 भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम
नई दिल्ली-110066, इंडिया

Regd. Office:
GAIL BHAWAN
16 BHIKAIJI CAMA PLACE, R.K. PURAM
NEW DELHI-110066, INDIA

फोन/PHONE: +91 11 2618 2955
फैक्स/FAX: +91 11 2618 2955
ई-मेल/Email: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024 दिनांक 05.11.2024

1. लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 **स्क्रिप कोड : गेल-ईक्यू**	2. लिस्टिन्ग अनुपालन बी.एस.ई. लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

महोदय/महोदया,

कृपया **"गेल ने वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में ₹32,931 करोड़ का राजस्व और ₹2,672 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया"** संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें ।

धन्यवाद,

भवदीय,

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,
   4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
   गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
   बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051

   ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

गेल ने वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में ₹32,931 करोड़ का राजस्व और ₹2,672 करोड़ का कर पश्चात लाभ दर्ज किया

नई दिल्ली, 05 नवंबर, 2024: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने अप्रैल-सितंबर 2024 की अवधि हेतु 66,622 करोड़ रुपये का प्रचालनों से राजस्व दर्ज किया जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 64,050 करोड़ रुपये था। कर पूर्व लाभ (पीबीटी) वित्त वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में 7,095 करोड़ रुपए हुआ जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 5,019 करोड़ रुपये था। कर पश्चात लाभ (पीएटी) वित्त वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में 5,396 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 3,817 करोड़ रुपये था। गेल ने वित्त वर्ष 2025 की प्रथम छमाही में अब तक का सबसे अधिक अर्धवार्षिक ईबीआईटीडीए, पीबीटी और पीएटी दर्ज किया है।

तिमाही दर तिमाही आधार पर वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में प्रचालन से राजस्व ₹32,931 करोड़ रिपोर्ट किया गया, जबकि वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में यह ₹33,692 करोड़ था। वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में पीबीटी 3,453 करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही के दौरान यह 3,642 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में कर पश्चात लाभ ₹2,672 करोड़ रूपए रहा जबकि वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में यह ₹2,724 करोड़ था।

प्राकृतिक गैस संचरण की मात्रा वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में 130.63 एम.एम.एस.सी.एम.डी. रही और गैस विपणन की मात्रा 96.60 एम.एम.एस.सी.एम.डी. थी। एल.एच.सी. और पॉलीमर की बिक्री वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में क्रमशः 253 टी.एम.टी. और 226 टी.एम.टी. रही, जबकि वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाह में क्रमशः 218 टी.एम.टी. और 169 टी.एम.टी. थी।

पेट्रोकेमिकल खंड से वित्त वर्ष 2025 की प्रथम तिमाही में 42 करोड़ रूपए की हानि की तुलना में वित्त वर्ष 2025 की द्वितीय तिमाही में 157 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ दर्ज किया गया। गेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार गुप्ता ने उल्लेख किया कि वित्त वर्ष 2024-25 में पेट्रोकेमिकल खंड से यथोचित लाभ होने की उम्मीद है।